FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी

संकल्प हमारा

पुलिस मुठभेड़ दिनाँक 17-11-2026 थाना रामगढ़ जनपद फिरोजाबाद।

अपर पुलिस महानिदेशक आगरा, जोन आगरा व पुलिस उपमहानिरीक्षक आगरा परिक्षेत्र आगरा के निर्देशन में एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री आदित्य लांग्हे के कुशल पर्यवेक्षण में थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा पुलिस मुठभेड़ के दौरान चोरी के अभियोग में वांछित 01 अभियुक्त जाकिर हुसैन पुत्र सफी मोहम्मद को अवैध तमंचा, कारतूस एवं चोरी की घटनाओं में प्रयुक्त उपकरण व अन्य सामान सहित गिरफ्तार किया गया।

- **अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 खोखा कारतूस एवं 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर तथा चोरी की घटनाओं में प्रयुक्त उपकरण एवं 12,100 रुपये नगद बरामद।**
- **घायल अभियुक्त को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया ...**

दिनांक 15.11.2026 को वादी द्वारा थाना रामगढ़ पर सूचना दी गई कि उनके चचेरे भाई का कैन्टर वाहन, जिसका रजिस्ट्रेशन नम्बर UP80-BT-4887, जाटवपुरी चौराहे पर सर्विस रोड पर खड़ा था, जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना रामगढ़ पर मु0अ0सं0 675/2026 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य लांग्हे के निर्देशन में जनपद में चोरी की घटनाओं के सफल अनावरण एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल नेतृत्व में थाना रामगढ़ पुलिस टीम एवं सर्विलांस टीम द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे थे। दौराने विवेचना उक्त मुकदमे में अभियुक्त जाकिर हुसैन पुत्र सफी मोहम्मद निवासी पोंडरी थाना अवागढ़ जनपद एटा, हाल निवासी पौतपुरी मोहल्ला थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद का नाम प्रकाश में आया था।

इसी क्रम में आज दिनांक 17.11.2026 को मुखबिर खास द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि उक्त घटना से सम्बन्धित अभियुक्त आज पुनः साती रोड के पास चोरी की घटना कारित करने की फिराक में हैं। मुखबिर की सूचना पर थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा साती रोड स्थित नायरा पेट्रोल पम्प के पास से नगला मिलिक को जाने वाले रास्ते पर चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान 01 संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया किन्तु संदिग्ध व्यक्ति भागने लगा, जिससे हड़बड़ाहट में भागते समय फिसलकर गिर गया। पुलिस टीम को नजदीक आता हुए तथा खुद को घिरता हुआ देखकर संदिग्ध व्यक्ति द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्यवाही में संदिग्ध व्यक्ति के पैर में गोली लगी, जिससे वह घायल हो गया। घायल व्यक्ति की पहचान थाना रामगढ़ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 675/2026 धारा 303(2)/317(2)/317(4)/317(5) बीएनएस में वांछित अभियुक्त जाकिर हुसैन पुत्र सफी मोहम्मद के रूप में हुई। अभियुक्त के कब्जे से अवैध तमंचा, कारतूस एवं खोखा कारतूस तथा चोरी की घटनाओं में प्रयुक्त उपकरण व अन्य सामान बरामद किया गया। अभियुक्त को उपचार हेतु पुलिस अभिरक्षा में जिला अस्पताल भिजवाया गया। अन्य विधिक कार्यवाही की जा रही है।

नाम-पता गिरफ्तारशुदा अभियुक्तः-

1.जाकिर हुसैन पुत्र सफी मोहम्मद निवासी पोंडरी थाना अवागढ़ जनपद एटा, हाल निवासी पौतपुरी मोहल्ला थाना जसराना जनपद फिरोजाबाद।

बरामदगी का विवरणः-

1. 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 01 खोखा कारतूस 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर।
2. 01 आधार कार्ड की छायाप्रति।
3. 01 मोबाइल वीवो।
4. 01 लोहे का जैक, 01 अदद लोहे की रॉड, 02 लोहे के पेचकश, 01 व्हील पाना।
5. 12,100 रुपये नगद।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त उपरोक्त ----

1. मु0अ0सं0 168/2026 धारा 303(2) बीएनएस, थाना मटसेना, जनपद फिरोजाबाद।
2. मु0अ0सं0 675/2026 धारा 303(2)/317(2)/317(4)/317(5) बीएनएस, थाना रामगढ़, जनपद फिरोजाबाद।

गिरफ्तारी / बरामदगी करने वाली पुलिस टीम-

1.निरी0/आई0सी0 शेरपाल सिंह थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद।
2.उ0नि0 अचल कुमार थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद।
3.उ0नि0 आदित्य चौधरी थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद।
4.उ0नि0 रोहित तोमर थाना रामगढ जनपद फिरोजाबाद।
5.उ0नि0 तरुण अहलावत थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद।
6.का0 306 रॉकी तौमर थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद
7.का0 144 शुभम तेवतिया थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद।
8.का0 1143 दीपक कुमार थाना रामगढ जिला फिरोजाबाद